भारत सरकार
नागर विमानन मंत्रालय
लोक सभा
लिखित प्रश्न संख्या : 622
गुरुवार, 25 जुलाई, 2024 / 3 श्रावण, 1946 (शक) को दिया जाने वाला उत्तर

केरल के विमानपत्तनों पर उड़ानों का रद्द किया जाना

622. श्री वी. के. श्रीकंदनः

क्या **नागर विमानन मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या यह सच है कि केरल में चार अंतर्राष्ट्रीय विमानपत्तनों से आने-जाने वाली एयरलाइनों द्वारा उड़ानें रद्द किए जाने से यात्री लगातार प्रभावित हो रहे हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या यह भी सच है कि यद्यपि कर्मचारियों ने अपनी हड़ताल समाप्त कर दी है, तथापि उड़ानों में व्यवधान जारी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ग) क्या यह भी सच है कि उड़ानें रद्द होने से केरल सर्वाधिक प्रभावित होने वाला राज्य था क्योंकि यह एयरलाइन राज्य के अंतर्राष्ट्रीय क्षेत्र में सबसे बड़ी कंपनी है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(घ) केरल से और केरल के लिए अबाधित विमान सेवाएं सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए हैं?

उत्तर

नागर विमानन मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुरलीधर मोहोल)

(क): अप्रैल-जून 2024 के दौरान एअर इंडिया एक्सप्रेस का प्रचालन बाधित रहा, जिसके कारण विमान में तकनीकी समस्याओं, बड़ी संख्या में केबिन क्रू के बीमार होने तथा नए केबिन क्रू रोस्टरिंग सॉफ्टवेयर पर स्थानांतरण के कारण केरल के हवाईअड्डों सहित पूरे भारत में कई उड़ानें रद्द करनी पड़ीं।

उड़ान रद्द होने के कारण प्रभावित यात्रियों को होने वाली असुविधा के मुद्दे को हल करने के लिए, नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने नागर विमानन अपेक्षाएं (सीएआर) जारी की हैं, जिसका शीर्षक है "बोर्डिंग से इनकार, उड़ान रद्द होने और उड़ान में देरी के कारण एयरलाइनों द्वारा यात्रियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं" जो यह निर्धारित करती हैं कि रद्दकरण के मामले में, एयरलाइन या तो वैकल्पिक उड़ान प्रदान करेगी या विमान टिकट की पूरी धनराशि वापसी के अलावा मुआवजा भी प्रदान करेगी। एयरलाइन उन यात्रियों को भोजन और जलपान भी उपलब्ध कराएगी, जो अपनी मूल उड़ान के लिए हवाईअड्डे पर पहुंच चुके हैं और वैकल्पिक उड़ान की प्रतीक्षा कर रहे हैं।

(ख): एयरलाइन ने सूचित किया कि सभी कर्मचारी कार्य पर लौट आए हैं। तथापि, नए केबिन क्रू रोस्टरिंग सॉफ्टवेयर में गड़बड़ी के कारण कुछ उड़ानों में व्यवधान जारी रहा।

(ग): अप्रैल से जून 2024 की अवधि के दौरान, एअर इंडिया एक्सप्रेस के पास केरल से खाड़ी और खाड़ी से केरल के लिए 5618 उड़ानों की अनुसूची थी, जिनमें से 245 उड़ानें रद्द कर दी गईं, जो प्रकाशित कार्यक्रम का 4.36% है।

(घ): डीजीसीए ने एयरलाइनों को सलाह दी है कि वे केरल से आने-जाने वाली उड़ानों के व्यवधान को न्यूनतम करने के लिए समय-सारिणी में संशोधन करें, स्टैंडबाय विमानों के साथ उड़ान भरें तथा आवश्यकतानुसार चालक दल के सदस्यों की भर्ती करें।

******